सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का पूरा न होना

*17. **श्री सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा**
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकारी क्षेत्र की 132 निर्माणाधीन परियोजनाओं में से 78 परियोजनाओं को विहित समय सीमा के भीतर पूरा नहीं किया जा सका;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्योरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि चूंकि ये परियोजनाएं निर्धारित समय के भीतर पूरी नहीं की जा सकीं, अत: उनके लिए निर्धारित धनराशि पर्याप्त नहीं होगी; और

(घ) इन परियोजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च किए जाने की संभावना है और इन्हें पूरा करने के लिए कितने समय की आवश्यकता होगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) 1-1-90 की स्थिति के अनुसार कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की फ्लेश रिपोर्ट प्रबोधन प्रणाली के मुताबिक सातवीं योजना के दौरान निर्माणाधीन केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं में 78 बड़ी परियोजनाएं (प्रत्येक 100 करोड़ रुपए से अधिक) चालू होने की अपनी मूल तारीख से विलम्बित थीं।

(ख) परियोजनाएं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं जिनका विवरण नीचे दिया गया है :-

(1) परमाणु ऊर्जा	2
(2) कोयला	14
(3) उर्वरक	4
(4) खान	1
(5) इस्पात	4
(6) पेट्रोरसायन	2
(7) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस	12
(8) विद्युत	26
(9) कागज, सीमेंट आदि (डी.पी.ई.)	3
(10) रेलवे	
(11) भू-तल परिवहन	4
विलम्बित परियोजनाओं की कुल सं.	78

(ग) आम तौर पर यह देखा गया है कि परियोजनाओं के समय और लागत वृद्धि के बीच आपसी संबंध रहता है और इसे इन परियोजनाओं के संबंध में भी लागू किया जाए।

(घ) वर्तमान संकेतन के अनुसार, 78 विलम्बित परियोजनाओं की प्रत्याशित लागत लगभग 52, 271.9 करोड़ रु० है और इन परियोजनाओं के पूरा होने की तालिका निम्नलिखित है :—

(1) ऐसी परियोजनाएं जो पहले ही पूरी हो चुकी हैं लेकिन जब तक वे पूर्णतया परिचालन में हैं, उन्हें निरीक्षण के लिए प्रबोधन प्रणाली में रखा गया है	9
(2) ऐसी परियोजनाएं जिनके सातवीं योजना में अर्थात् 31-3-90 तक पूरा होने की संभावना है	11
(3) ऐसी परियोजनाएं जिनके आठवीं योजना में पूरा होने की संभावना है	55
(4) ऐसी परियोजनाएं जिनके आठवीं योजना के पश्चात् चलने की संभावना है	3
योग :	78